MEDIA : PRABHAT KHABAR
DATE : 31 JAN 2015

आइनॉक्स विंड व टाटा पावर में करार

कोलकाता. गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स लिमिटेड की सहायक कंपनी आइनॉक्स विंड लिमिटेड ने टाटा पावर रेनेवेबल एनर्जी लिमिटेड के साथ गुजरात में 54 मेगावाट और राजस्थान में 118 मेगावाट वाली परियोजनाओं के लिए करार किया है. आइनॉक्स विंड विंड पावर सोल्यूशंस प्रोवाइड कराती है. टाटा पावर रेनेवेबल एनर्जी लिमिटेड टाटा पावर की सहायक कंपनी है. टाटा पावर की इकाई गुजरात में भावनगर जिले के रोजमल गांव के समीप अवस्थित है. जून 2015 तक यह परियोजना पूरी हो जायेगी. टाटा पावर की दूसरी इकाई राजस्थान के जैसलमेल जिला के डांगरी गांव के समीप है, जो मार्च 2016 तक दो चरणों में पूरी होगी.